राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2021

Rashtriya Avishkar Saptah 2021

दिशानिर्देश
Guidelines



Rashtriya Avishkar Abhiyan

विषय-वस्तु

परिचय	1
राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह– 2021 के संचालन के लिए समय	2
विद्यालय का चयन	2
वित्तपोषण	2
अकादमिक सहयोग	3
विद्यालय प्रबंधन	3
जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्हकी गणना के लिए प्रक्रियाएँ	5
1. घरेलू प्रयोजनों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII)	6
2. बागवानी के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII)	7
3. कृषि फसलों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा IX और X)	9
4. कार्बन पद चिन्ह की गणना (कक्षा XI और XII)	10
गतिविधि के विस्तृत आँकड़े भरने के लिए प्रारूप	12
विस्तारित अधिगम	13
अध्ययन के परिणाम की रिपोर्टिंग	13
गूगल फॉर्म भरने के लिए प्रक्रिया	14-28
दिशा निर्देश विकास समिति/सहायक कर्मचारी	30

CONTENTS

Introduction	31
Dates for Conduct of Rashtriya Avishkar Saptah– 2021	32
Selection of School	32
Funding	33
Academic Support	33
School Management	33
Activities for Water Auditing and Calculation of Carbon Footprint	36
1. Water Audit for Household Purposes (Class VI-VIII)	37
2. Water Audit for Gardening (Class VI-VIII)	38
3. Water Audit for Agricultural Crops (Class IX & X)	40
4. Calculation of Carbon Footprint (Class XI & XII)	42
Proforma for filling up detailed data	44
Extend Learning	44
Reporting the Results of Study	44
Procedure for Filling Google Form	46-60
Guidelines Development Committee/ Support Staff	62

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2021 के लिए दिशा निर्देश

परिचय

विज्ञान प्रोद्यौगिकी और नवाचार वेश्विक स्तर पर राष्ट्रीय विकास के प्रमुख संचालक के रूप में उभरे है। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने विज्ञान और गणित के ज्ञानार्जन को आनन्दपूर्ण और सार्थक गतिविधि बनाने के लिए जिज्ञासा एवंम सृजनात्मकता की भावना को पोषित करने के लिए और नवाचार एवं प्रोद्यौगिकी शिक्षा मंत्रालय (एमओई), के उपयोग पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (र.आ.अ.) की स्थापना की है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में 'अनुभवजन्य अधिगम' पर जोर दिया गया है, जो कि निर्देशित अभ्यास, चिंतन, अवलोकन, मूल्यांकन के माध्यम से वैचारिक समझ और कौशल का निर्माण करने के लिए, सीखने में तेजी लाने के लिए, सीखने की प्रक्रिया में सीखने के सभी क्षेत्रों -संज्ञानात्मक, मनोग्रंथि और भावात्मक के समामेलन के परिणामस्वरूप धारणा में सुधार लाने के लिए और सीखने के एक एकीकृत और अंतर-बहु-विषयक दृष्टिकोण के माध्यम से अधिक सार्थक, समग्र और सामंजस्य पूर्ण सीखने के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए 'करते हुए सीखना' है।

स्कूली शिक्षा के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर योजना बद्ध प्रयोग करना और विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण स्थानीय परियोजनाओं पर कार्य करना पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण भाग है। विद्यालय के विद्यार्थियों को अन्वेषण और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रयोग करने को उत्साहित करना अत्यन्त आवश्यक है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (एमओई), के पी.ए.बी. कार्यक्रम के अन्तर्गतराष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी) के विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग नई दिल्ली का प्रस्ताव है कि दिसंबर माह के तीसरे और चौथे सप्ताह में को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2021 घोषित किया जा सकता है। इस सप्ताह में देशभर के हर ब्लाक के (3-5) विद्यालयों के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के सभी छात्र समान रूप से एन.सी.ई.आर.टी द्वारा विकसित दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए कोई अध्ययन करेगें जिसमें प्रयोग निहित हो। **कोविड-19 के प्रकोप और विभिन्न विद्यालयों का बंद होने के कारण और प्रचलित संकटपूर्ण महामारी स्थितियों से बचने के लिए, इस वर्ष उन सभी प्रयोगों को विद्यालय समय सारणी में प्रयोगशाला / असाइनमेंट कार्य के लिए आवंटित पीरियड के भीतर घर पर ऑनलाइन / डिजिटल मोड में आयोजित किया जा सकता है।**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रयोग/ पर्यवेक्षण को करने के लिए उत्साह उत्पन्न करना है जिससे वह विज्ञान और गणित के प्रतिप्रेरित हो सके। इसे प्राप्त करने के लिए एक तरीका यह हो सकता है कि विद्यार्थी आम मुद्दों और स्थानीय समस्याओं की समझ और संवेदनशीलता में भागीदार हो।

जल सभी जीवों का अस्तित्व बनाए रखने के लिए अति आवश्यक है। शुद्धजल की पर्याप्त और सुलभ आपूर्ति सभी को उपलब्ध होनी चाहिए। हालांकि, कुशल जल संरक्षण तकनीकों के साथ-साथ जल का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। इसलिए जल संरक्षण पर ध्यान देने और जल शक्ति अभियान पर हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए जोर पर भी, यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष का विषय भी जलसे संबंधित होगा। साथ ही, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के महत्व को देखते हुए कार्बन उत्सर्जन को कम करने की समझ से संबंधित गतिविधियों में बच्चों को शामिल

करने का भी निर्णय लिया गया है। इसलिए, विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग ने "राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह - 2021" का आयोजन करने के लिए इस वर्ष का विषय **"जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना"** प्रस्तावित किया है। यह जलके बुद्धिमानी से उपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और हमारे देश में कार्बन के उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकता है। परिणामत: चार गतिविधियाँ " जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना " पर, जल का लेखा-जोखा पर तीन अर्थात् - घरेलू प्रयोजनों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII), बागवानी के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII) कृषि फसलों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा IX और X) और कार्बन पदचिन्ह की गणना (कक्षा XI और XII) पर एक गति विधि डिज़ाइन की गई हैं। ये गतिविधियाँ विद्यालयों द्वारा समान रूप से आयोजित सप्ताह के दौरान डीईएसएम, एन सी ई आर टी द्वारा विकसित 'राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2021' के दिशानिर्देश के साथ पूर्ण की जाएंगी।

विद्यालयों द्वारा किए गए अध्ययन के परिणाम आरएएस 2021 के लिए **कार्यभार सौपें गए शिक्षक/ शिक्षको द्वारा एकत्र किए जाएंगे और दिशानिर्देशों में दिए गए ऑनलाइन Google फॉर्म लिंक के माध्यम से डेटा प्रस्तुत किया जाएगा।** अध्ययन के परिणामों को DESM द्वारा संकलित, विश्लेषण और साझा किया जाएगा।

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2021 के संचालन के लिए समय

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह देश के प्रत्येक ब्लाक से तीन सें पाँच विद्यालयों के दौरान आयोजित किया जाना है। यद्यपि, असाधारण परिस्थितियों में, जैसे कि परीक्षाओं, छुट्टियों में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2021 मनाने के लिए किसी अन्य सप्ताह का चयन भी कर सकते है (वरीयता अगले सप्ताह को दी जाए)।

विद्यालय का चयन

राज्य/संघशासित क्षेत्र को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2021 मनाने के लिए प्रत्येक ब्लाक से 3-5 विद्यालयों का चयन करना है जिसमें उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की कक्षाएँ हो। हालाँकि, असाधारण अपरिहार्य परिस्थितियों में, जैसे, परीक्षा, छुट्टियाँ, कोविड -19 के कारण विद्यालयों काबंद होना, यदि संभव हो तो 1-12 कक्षा वाले विद्यालय चुने जा सकते हैं। यदि संभव हो तो सह-शिक्षा विद्यालयों का चयन किया जाए। यदि संभव न हो तो यह सावधानी बरती जानी चाहिए कि राज्य/संघशासित क्षेत्र के बालक एवं बालिकाओं के विद्यालयों की लगभग समान संख्याचयनित हो। विद्यालयों का चयन करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि शहरी और ग्रामीण विद्यालयों का बराबर प्रतिनिधित्व हो।

कुछ राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय अलग-अलग है। ऐसी स्थिति में ब्लाक से एक माध्यमिक विद्यालय और एक उच्च माध्यमिक विद्यालय का चयन किया जा सकता है। यदि संभव हो तो राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह में यह दोनों विद्यालय संयोजन में काम कर सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में कुछ ऐसे संघशासित क्षेत्र जहां ब्लाक नहीं बने है, प्रत्येक कलस्टर/ ज़ोन से कुछ विद्यालयों का चयन किया जा सकता है। विद्यालयों के चयन में इस का ध्यान रखा जाय कि चयनित पिछले वर्ष के विद्यालय से अलग हों।

वित्तपोषण

यह सुझाव दिया जाता है कि राज्य / संघ राज्य-क्षेत्र राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2021 के दौरान होने वाले **"जल का लेखा जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना"** पर अध्ययन गतिविधियों को पूरा करने में

सहायता के लिए ₹ 2000-3000/- रुपये प्रति विद्यालय आवंटित कर सकते हैं। उन राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में जहां प्रत्येक ब्लाक से एक माध्यमिक और एक उच्च माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया हो वहां प्रति विद्यालय ₹ 2000-3000/- आवंटित कर सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए, राज्य / केन्द्र शासित प्रदेशों को समग्र शिक्षा के तहत राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) के माध्यम से एमओई द्वारा आवंटित धन का उपयोग किया जा सकता है। (एमओई द्वारा RAA दिशानिर्देशों के पृष्ठ संख्या 17 का संदर्भ लें)।

(https://www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/raa/Order_of_RAA_Guidelines.pdf)

अकादमिक सहयोग

एस.सी.ई.आर.टी (SCERT) और डाइटस (DIETs) के संकाय सदस्य चयनित विद्यालयों को अकादमिक सहायता दे सकते हैं। विद्यालयों के नजदीक स्थित उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय सदस्य भी सम्मिलित हो सकते है। ब्लाक स्तर प्रशासक राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह -2021 में प्रयोगों के सुसाध्य संचालन के लिए विद्यालयों का ऑनलाइन माध्यम से मार्गदर्शन कर सकते हैं।

विद्यालय प्रबंधन

भारत सरकार और राज्य सरकारों के मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्देशन और कोविड -19 (कोरोना वायरस) की कठिन परिस्थितियों के कारण बढ़ती चिंताओं के आलोक में, छात्रों को अपने-अपने घर पर ही गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश देने के लिए विद्यालय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है।

सामूहिक कार्य:

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह में अध्ययन के सफल संचालन के लिए बीआरसी, सीआरसी, विद्यालय के प्रमुख, शिक्षक, प्रयोगशाला परिचारक आदि सहित प्रत्येक की भागीदारी आवश्यक होती है। सामूहिक कार्य में समान लक्ष्य के लिए सभी सदस्यों की सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता होती है। सामूहिक कार्य तभी संभव है जब सम्मिलित सहयोगी भली प्रकार से कार्य को सफल बनाने के लिए अपने दायित्वों के बारे में जानते हो। इसलिए सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी का कार्यभार पहले से ही वितरित कर दिया जाए। यह सुनिश्चित हो जाना चाहिए कि सभी सम्मिलित सदस्य अपनी जिम्मेदारी जानते हो।

उचित स्तर अनुसार विद्यार्थियों की भागीदारी : **चयनित विद्यालयों के छठीं से बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थी विद्यालय की समय सारणी में विज्ञान/रसायन की प्रयोगशालाओं में कार्य करने के लिए दिये गये समय मेंऑनलाइन / डिजिटल मोड में प्रयोग करेंगे।**

अध्ययन के लिए प्रयोग करने की प्रक्रिया: कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक है कि प्रयोगों का महत्व और उसको करने के लिए क्रियाविधि/ गतिविधि को अच्छी तरह समझ से लिया जाए। इसके लिए शिक्षकों, विद्यालय के प्रमुखों, शिक्षा प्रशासकों आदि को दिशानिर्देश जिसमें प्रयोग की क्रियाविधि/गतिविधि हो, पहले से ही वितरित किए जा सकते है। विद्यार्थियों को जल के परीक्षण पर प्रयोग करने के लिए क्रियाविधि/गतिविधि प्रदान की जा सकती है। घरेलू प्रयोजनों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII), बागवानी के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII), कृषि फसलों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा IX और X) और कार्बन पदचिन्ह की गणना (कक्षा XI और XII) पर गतिविधियाँ करेंगें।

प्रयोग करने के दौरान शिक्षकों की भूमिका: शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा वैज्ञानिक प्रकार से प्रयोगों को करने के लिए पहले से ही दिशानिर्देश प्रदान कर सकते है।

शिक्षक प्रयोगों को करने के लिए क्रियाविधि बता सकते है। शिक्षक विद्यार्थियों को अध्ययन के उद्देश्य, वैज्ञानिक प्रकार से अध्ययन करने की विधि, वैज्ञानिक प्रकार से ऑकड़े इकट्ठा करने, प्रयोग के दौरान उन्हें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए और प्रयोग करने से पहले की तैयारी के विषय में जागरूक कर सकते है। घर पर प्रदर्शन करने के लिए, प्रयोग करते हुएया प्रयोगों से पहले तैयारी करते हुए आदि की जानकारी छात्रों को भेजी जाए।

संबंधित शिक्षक और माता-पिता के मार्गदर्शन में, गतिविधियों से पहले, प्रयोगों के लिए आवश्यक संपूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जानी चाहिए और समय बर्बाद किए बिना छात्रों द्वारा प्रयोगों के आसान संचालन के लिए अव्यवस्थित नहीं अपितु सरलतरी के से आसानी से सुलभ होना चाहिए।

सुझाए गए क्रियाकलापों का निष्पादन विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों द्वारा सुगमतापूर्वक करने के लिए निम्नलिखित बिंदुओ को ध्यान में रखें।

- उन्हें माता- पिता , देख-भाल कर्ता या भाई - बहन से सहायता लेने के लिए अनुमति और प्रोत्साहन दें।
- क्रियाकलाप प्रारंभ करने के पूर्व उन्हें प्रयोग किये जाने वाले पात्रों और तकनीकी से परिचित होने का अवसर दें।
- उन्हें स्पर्शीय चिन्हों से अंकित मापन उपकरण या ऐसे पात्रों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करें, जिनकी क्षमता का उन्हें ज्ञान हो यथा जल और फलों के रस की बोतलें।
- एकड़ जैसे मात्रकों को वर्ग मीटर या वर्ग किलोमीटर जैसे मात्रकों के संदर्भ में बतलाएं जिनसे छात्र परिचित हों।

वातावरण: **प्रयोगशाला अभ्यास की सामान्य दिनचर्या के रूप में घर पर प्रयोग किए जाने चाहिए।** प्रयोगशाला में प्रयोगों को सामान्य नित्यक्रम के अनुसार किया जाए सकारात्मक, शान्त और सुखद कार्य वातावरण में। शिक्षक विद्यार्थियों को यह बता सकते है कि उन्हे विभिन्न ऑकड़े कैसे प्राप्त हो सकते है और त्रुटियो की भी उम्मीद की जा सकती है जिससे किसी भी विद्यार्थी में को ईडर, चिंता या तनाव न हो और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों की ओर प्रोत्साहित किया जा सके।

कार्यक्रम के बारे मे जागरूकता: विद्यार्थियों को कार्यक्रम के प्रतिजागरूक करने के लिए, विद्यालय को विद्यालय परिसर के भीतर एक पोस्टर लगाना चाहिए। पोस्टर को कागज/ कपड़े पर हाथ से चित्रित किया जा सकता है।



विद्यालय **जल का लेखा जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना** के स्थान पर स्थानीय भाषा में कोई आकर्षक शीर्षक चुन सकते है।

एस एम डी सी के सदस्यो और स्थानीय समुदाय के लोगों को कार्यक्रम के बारे मे अवगत कराया जाए और उन्हें अध्ययन के निष्कर्षों को साझा करने के लिए अंतिम दिन ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किया जाए।

विद्यालय स्तर पर निष्कर्षों को साझा करना: विद्यालय सभी स्तरों पर निष्कर्षों को व्यापक रूप से साझा कर सकते है जैसे कि छठीं से बारहवीं के

अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ, अभिभावक, समुदाय इत्यादि के साथ। प्रत्येक विद्यालय में किए गए जल परीक्षण प्रयोग के बारे में जानकारी साझा करना इस अध्ययन का महत्वपूर्ण पहलू है। यह विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालयों को महसूस करवाएगा कि उनके द्वारा किया गया अध्ययन महत्वपूर्ण है। ऐसी जानकारी निम्नलिखित प्रकार से साझा की जा सकती है:

1. विद्यार्थी अपने अनुभवों को अन्य विद्यार्थियों के साथ (कक्षा एक से बारहवीं) साझा कर सकते हैं। डिजिटल / ऑनलाइन मोड से साझा करें। साझा की गई जानकारी में निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिए:
    i) यदि संभव हो तो प्रयोगों का प्रदर्शन (विडियो के माध्यम से)
    ii) उनके अनुभव
    iii) उन्होनें क्या सीखा
    iv) किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा
    v) उन्होनें जल का लेखा-जोखा के बारे में क्या जानकारीयां प्राप्त की।
2. विद्यार्थी पूरे विद्यालय के निष्कर्षों के बारे में आलेख तैयार कर सकते हैं और इसे कुछ स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करा सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए प्रिंटमीडिया में अपना काम प्रकाशित होना काफी प्रोत्साहन वाला होगा और उनके माता पिता के लिए संतुष्टि की भावना लाएगा।
3. परिणामों को नगरपालिका या स्वच्छता,जल की आपूर्ति बनाए रखना, या सार्वजनिक स्वास्थ्य इत्यादि के लिए जिम्मेदार अन्य निकायों के साथ भी साझा किया जा सकता है।
4. शिक्षक अध्ययन के बारे में राज्य के प्रशासकों और एन.सी.ई.आर.टी. के साथ अपने अनुभव साझा करें। उन्हें सुधार के लिए सुझाव देने के लिए भी कहा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधिकारी भी ऐसी व्यवस्था कर सकते हैं ताकि विद्यार्थी और शिक्षक ब्लाक के भीतर अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा कर सकें।

एन.सी.ई.आर.टी. के साथ निष्कर्षों का साझाकरण: विद्यालय गूगल (Google) फार्म भर कर एन.सी.ई.आर.टी. के साथ निष्कर्ष साझा करेंगे। इस फार्म को एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रदान किए गए वेब लिंक से प्राप्त किया जा सकता है

(https://forms.gle/kuvSMFHyeytGZEEz9)

विद्यालयों से अनुरोध है कि वह गूगल फार्म के साथ कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें भेजे (तस्वीरों को स्मार्ट मोबाइल फोन का उपयोग करके लिया जा सकता है)। विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह – 2021 के संचालन की समाचार पत्रों में रिर्पोटों (यदि कोई हो) की कतरनों की तस्वीरें भी गूगल फार्म के साथ भेजी जा सकती है।

*"जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्हकी गणना"*का निर्धारण के लिए प्रक्रियाएँ:

विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग ने "राष्ट्रीय अविष्कार सप्ताह -2021" का आयोजन करने के लिए इस वर्ष का विषय **"जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना"** प्रस्तावित किया है। यह जल के बुद्धिमानी से उपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और हमारे देश में कार्बन के उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकता है। परिणामत: चार

गतिविधियाँ **"जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना"** पर, जल का लेखा-जोखा पर तीन गतिविधियाँ अर्थात् - घरेलू प्रयोजनों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII), बागवानी के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII) कृषि फसलों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा IX और X) और कार्बन पदचिन्ह की गणना (कक्षा XI और XII) पर एक गतिविधि डिज़ाइन की गई हैं।

1. घरेलू प्रयोजनों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII):-

मेरे परिवार के लिए जल

क्या आप जानते हैं ?

हमें घर में अपने विभिन्न कार्यकलापों को करने के लिए जल की आवश्कता होती है। जल व्यक्तिगत स्वच्छता, कपड़े धोने, बर्तन धोने, शौचालय इत्यादि के लिए महत्वपूर्ण है। लेकिन विभिन्न परिवारों के लिए उपलब्ध जल की मात्रा में बहुत अंतर होता हैं।

कुछ परिवारों को नल से जितना चाहे उतना जल दिन, महीने, साल में किसी भी समय उपलब्ध होता है। कुछ परिवारों को प्रतिदिन कुछ बाल्टी जल से ही काम चलाना पड़ता है।

आइए करते हैं

1. उन सभी कार्यकलापों के विषय में सोचिए और उनकी सूची बनाइए जिनमें आप सुबह सो कर उठने से ले कर रात को सोने तक जल का उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिए दांत साफ करना, जल पीना इत्यादि।
2. मात्रा का (लीटरों में) अनुमानित परिकलन कीजिए। आप इस का परिकलन घर में प्रयोग किए जाने वाले प्याले, मग और बाल्टी की क्षमता से जाँच के कर सकते हैं।
3. इसी प्रकार परिवार के सभी सदस्यों से उनके जल उपयोग के बारे में पूछिए।
4. अपने प्रेक्षणों को नीचे दी गई तालिका के अनुसार नोट कीजिए:

जल के उपयोग की गणना		
	कार्यकलाप	**हर दिन उपयोग की गई जल की मात्रा (लीटर में)**
प्रति व्यक्ति	दांत साफ करने के लिए	
	नहाने के लिए	
	शौचालय फ़्लश के लिए	
	पीने के लिए	
	कुल (क)	
परिवार	कपड़े धोना	
	रसोई में बर्तन धोना	
	रसोई में सब्जियों की धुलाई केलिए	
	भोजन पकाने की क्रिया	
	फर्श की सफाई पोछा लगाना /	
	वाहनों की धुलाई / सफाई	
	कुल(ख)	

5. दिए गए सूत्र का उपयोग करके परिकलन कीजिए कि आपके परिवार द्वारा प्रतिदिन लगभग कितने लीटर जल का उपयोग किया जाता है।

क x **परिवार के कुल सदस्यो की संख्या** + **ख**= **..... (लीटर)**

हम और क्या कर सकते हैं?

एक व्यापक योजना बनाईए कि आपका परिवार किस प्रकार जल उपयोग की मात्रा को कम कर सकता है। इसे एक तालिका के रूप में दर्शाइये। इस तालिका को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा कीजिए और इसे किसी ऐसे स्थान पर लगा दीजिए जहां सबकी निगाह इस पर जाए। उदाहरण के लिए, आप इसे फ्रिज के दरवाज़े पर चुंबक द्वारा लगा सकते हैं।

2. बागवानी के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII):-

प्रस्तावना

हमारे आस-पास के पौधे बहुत आनंद, खुशी और सकारात्मकता प्रदान करते है। क्या आपको पौधों से प्यार है? क्या आपके घर में पौधें हैं?क्या आप जानते हैं कि ये कितने प्रकार के पौधे हैं, तथावे एक दूसरे से कैसे भिन्न हैं? आपके घर में कंपाउंड / किचन गार्डन/ लॉन में गमलें हो सकते हैं। आप इन पौधों की देखभाल करते है ? आपको इन पौधों को नियमित रूप से जल देना चाहिए। आप इन पौधों को कैसे जल देते हैं ? एक जल के पाईप का उपयोग करके जल का कनस्तर, बाल्टी, मग और छिड़काव द्वारा ? क्या आपने कभी सोचा हैं कि आप साप्ताहिक आधार पर अपने पौधों को कितना जल देते हैं ? आइए इसे जानने के लिए एक गतिविधि करने से पहले, आइए नीचे दी गई सूची में पौधों के प्रकारों के बारे में जानें।

	विशेषताएं	जड़ी बूटी	झाड़ियाँ	पेड़
(i)	**आकार**	बहुत छोटा	मध्यम आकार	लंबा
(ii)	**तने की प्रकृति**	कुछ शाखाओं के साथ हरे और नरम या कोमल तने	तने के ऊपरी भाग पर शाखाओं के साथ कठोर और बहुत मोटा तना	कठोर तना लेकिन बहुत मोटा नहीं; तना के आधार के पास शाखाएँ उत्पन्न होती हैं
(iii)	**ऊंचाई**	आमतौर पर 1 मीटर से कम	आमतौर पर 1-3 मीटर ऊंचा होता है	आमतौर पर 3 मीटर से अधिक
(iv)	**उदाहरण**	घास, टमाटर, गेहूं, पुदीना	गुड़हल का फूल, नींबू, गुलाब, चमेली	गुलमोहर, नीम, पीपल, आम

गतिविधि:

गतिविधि करने के लिए निम्नलिखित चरणो का पालन करें :

- निम्नलिखित पात्र लीजिए एक छोटी बाल्टी, बोतल , मग और एक कटोरा । इन पात्रों में भरी जाने वाली जल की मात्रा का पता लगाएं । (लीटर में मात्रा / मिली लीटर)
- अपने घर में लगाए गए पौधे/ लगे हुए गमलों की संख्या की गणना करें। (दोनों इनडोर और आउटडोर)
- पौधों का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करें और प्रत्येक पौधे की श्रेणी (शाक, झाड़ियाँ और पेड़ों) की पहचान करने का प्रयास करें ।
- प्रत्येक श्रेणी के पौधों की संख्या की गणना करें और इसे रिकॉर्ड करें । (नोट: यदि आपके पास घास लगा कोई भूखण्ड है तो इसे इस गतिविधि के लिए उसे एक शाक माना जा सकता है)
- अब अगले एक सप्ताह के लिए एकत्रित पात्रों का उपयोग करके अपने पौधों का हर रोज जल दें। (केवल उतनी मात्रा में जल का उपयोग करें जो पौधों के लिए पर्याप्त है । कुछ पौधों को प्रतिदिन जल की आवश्यकता नहीं होती है)

- दैनिक आधार पर, प्रत्येक श्रेणी के पौधों को दिए गए जल की कुल मात्रा पर ध्यान दें। (इसे आप पौधों को जल देने के लिए उपयोग किए जाने वाले पात्रों की संख्या के संदर्भ में नोट कर सकते हैं)
- आप अपनी टिप्पणियों को रिकॉर्ड करने के लिए तालिका 1 का उपयोग कर सकते हैं।

प्रेक्षण :
किस पात्र का उपयोग किया गया जल लेने के लिए : बाल्टी/बोतल/मग/कटोरा/अन्य कोई
पात्र का आयतन :
दिन 1
दिनांक :

तालिका -1

पौधे का प्रकार	प्रत्येक प्रकार के पौधों की संख्या	जल की मात्रा	
		उपयोग किए गए पात्रों की संख्या	आयतन(लीटर)
शाक			
झाड़ी			
वृक्ष			

प्रति दिन डेटा रिकॉर्डिंग के लिए इसी तरह की तालिका का उपयोग किया जा सकता है।

प्रत्येक पात्र के आयतन की ज्ञात मात्रा का उपयोग करके पौधों की प्रत्येक श्रेणी को (i) प्रति दिन दिए गए जल की मात्रा, (ii) एक सप्ताह में दिये गए जल की मात्रा की गणना करें। अब आप अपने पौधों की प्रत्येक श्रेणी का दैनिक आधार पर और साप्ताहिक आधार पर दिए जाने वाले जल की मात्रा से अवगत हैं।

गुगल फॉर्म के लिए प्रश्न

1. आपके बगीचे में किस तरह के पौधे हैं ?(आप एक या अधिक विकल्प चुन सकते हैं)।

(क) पेड़
(ख) झाडियाँ
(ग) शाक

2. गतिविधि करने के लिए शामिल प्रत्येक श्रेणी में पौधों की संख्या लिखें ?

(क) पेड़.....
(ख) झाड़ियाँ.....
(ग) शाक.....

3. इन पौधों को जल देने के लिए आपने क्या उपयोग में लिया ? (आप एक या अधिक विकल्प चुन सकते हैं)।

(क) छोटी बाल्टी
(ख) बोतल
(ग) मग
(घ) कटोरा

4. प्रति दिन जल की मात्रा की खपत का उल्लेख करें :

(क) पेड़.....
(ख) झाड़ियाँ.....
(ग) शाक.....
(यदि रोजाना जल नहीं दिया गया है, तो जल की मात्रा / दिनों की संख्या का उल्लेख करें)

5. एक सप्ताह में जल की मात्रा की खपत का उल्लेख करें :

(क) पेड़
(ख) झाड़ियाँ
(ग) शाक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

6. क्या आपको लगता है कि मौसम में परिवर्तन के साथ पौधों की तीन श्रेणियों के लिए जल की मात्रा अलग-अलग होगी ? यदि हाँ, तो कैसे ?
7. क्या अपको लगता है कि पौधों को जल देते समय जल की बर्बादी होती है ? यदि हाँ, तो कैसे ?
8. क्या आपको लगता है कि पौधों को जल देते समय अधिक मात्रा में जल का उपयोग किया गया था ? यदि हाँ, तो आपको ऐसा क्यों लगता है ?
9. किन तरीकों से, जल का उपव्यय तब होता है जब लोग पौधों को जल देते हैं ?
10. पौधों को जल देते समय जल की बर्बादी को कम करने के तरीके सुझांए ?

3. कृषि फसलों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा IX-X):-

शीर्षक: विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न फसलों के लिए जल की खपत

भारत अपनी अर्थव्यवस्था के लिए कृषि पर बेहद निर्भर है और देश में उपलब्ध ताजे जल का भारी मात्रा में कृषि क्षेत्र में उपयोग किया जाता है। विभिन्न फसलों की खेती के लिए जल की आवश्यकता बहुत भिन्न होती है। उदाहरण के लिए,चावल, गेहूं, कपास और गन्ना जल-सघन फसलें हैं जबकि तिलहनी फसलें, दालें, मक्का, प्याज और मूंगफली कम जल वालीफसलें हैं। विभिन्न किसानों द्वारा उपयोग की जाने वाली सिंचाई की विधि भी देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग है। बारिश के पैटर्न में बदलाव के कारण सूखे और बाढ़ के कारण किसानों को जबरदस्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो फसल उत्पादन को काफी प्रभावित कर रहा है। छात्रों को कृषि में जल की आवश्यकता और इसके प्रबंधन के बारे में समझना महत्वपूर्ण है।

प्रक्रिया:

1. जिस जगह पर आप रहते हैं और उसके आस-पास खेती की जाने वाली प्रमुख फसलों का पता लगाएं। कम से कम तीन फसलों का पता लगाएं जो अनाज, सब्जियां, फल आदि हो सकते हैं।

2. पता लगाएं कि यह तीन फसलें आपके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र मे कुल कितने क्षेत्रफल मे उगाई जाती हैं।

3. यदि आप ऐसे किसानों को जानते हैं जो ऐसी फसलें उगाते हैं, तो निम्नलिखित बातों का पता लगाने के लिए उनसे फोन पर बात करने की कोशिश करें:

(i) कुल क्षेत्र जिसमें वे इन फसलों की खेती करते हैं।

(ii) सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले जल का स्रोत जैसे भूमिगत जल, नहरें, नदियाँइत्यादि।

(iii) प्रति एकड़ सिंचाई के लिए प्रति दिन इस्तेमाल होने वाले जल की मात्रा।

(iv) प्रयुक्त सिंचाई का प्रकारजैसे ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई, मैनुअल सिंचाई आदि।

(v) क्या सिंचाई के लिए पर्याप्त जल प्राप्त करने में चुनौतियाँ हैं?

(vi) क्या वे सिंचाई के उद्देश्य से जल का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने में सक्षम हैं। उदाहरण के लिए, स्प्रिंकलर, ड्रिप सुविधा इत्यादि स्थापित करना?

(नोट: आपको अपने परिवार या रिश्तेदारों से यह जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। इस जानकारी का पता लगाने के लिए आप विश्वसनीय इंटरनेट स्रोतों का भी उपयोग कर सकते हैं।)

4. छात्र नीचे दिए गए रूपांतरण कारकों का उपयोग करके विभिन्न फसलों के लिए आवश्यक जल की मात्रा की गणना कर सकते हैं: -

Hectare mm to litre(L) & Kilo litre(kl)

1 Hectare = 100m X 100m = $10000m^2$

1 Hectare meter (ha m)

= $10000m^2$X 1m

= $10000\ m^3 = 10^4 m^3$

$1\ m^3 = 1000L$

$\therefore$1 Hectare meter = 10000X1000

$= 10^7 L$

$1m = 10^3 mm$

$\therefore 1\ \text{Hectare mm} = \frac{10^7}{10^3} L = 10^4 L$

$= 10000L$

$= 10kl$

1 Acre = 0.405 hectare

$\therefore$1 Acre mm = 0.405 X 10000

= 4050 L = 4.05kl

5. छात्र फसलों की सिंचाई के लिए अपने क्षेत्र में जल की कमी से निपटने के उपाय सुझा सकते हैं।

गूगल फ़ॉर्म में भरी जाने वाली तालिका:

1. तीन फसलों के नाम जो उनके क्षेत्र में प्रमुख रूप से उगाई जाती हैं?
2. कुल क्षेत्रफल जिसमें ये तीन फसलें उनके राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में उगाई जाती हैं (हेक्टेयर में) ?
3. प्रत्येक फसल के लिए सिंचाई के लिए जल का स्रोत (भूमिगत जल / नहरें / नदियाँ / धाराएँ / अन्य) ?
4. प्रत्येक फसल के प्रति एकड़ सिंचाई के लिए प्रति दिन आवश्यक जल की मात्रा (लीटर में) ?
5. प्रत्येक फसल के लिए सिंचाई का प्रकार (ड्रिप / स्प्रिंकलर / मैनुअल / अन्य) ?
6. क्या प्रत्येक फसल के लिए पिछले 3 वर्षों (2017-2021) में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण रहा है? (हाँ / नहीं)
7. क्या वे सिंचाई के लिए जल का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने हेतु तकनीक जैसे स्प्रिंकलर, ड्रिप सुविधा इत्यादि स्थापित करने का खर्च उठाने में सक्षम हैं ?
8. प्रति हेक्टेयर तीनों में से प्रत्येक फसल के लिए आवश्यक कुल जल की मात्रा की गणनाक..... ख..... ग.....(लीटर / हेक्टेयरमें)।
9. फसलों की सिंचाई के लिए आपके क्षेत्र में जल की कमी से निपटने के लिए सुझाव?

4. कार्बन पदचिन्ह (कक्षा XI-XII):-

कार्बन पदचिन्ह क्या है?भूमिका (प्रस्तावना)

कार्बन पदचिन्ह मूलत: ग्रीन हाउस गैसों (GHGs) की वहकुल मात्रा है जो कि किसी व्यक्ति, कार्यकलाप, संस्था, सेवा अथवा उत्पादन से उत्पन्न होती है। इसे हम कार्बन डाईआक्साइड के समकक्ष के रूप में प्रदर्शित करते है। ग्रीनहाउस गैस वातावरण में उपस्थित वह गैस हैं जो 'ग्रीनहाउस प्रभाव' उत्पन्न करती है तथा ग्लोबल वोर्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन में भागीदार हैं। ग्रीन हाउस गैसों में कार्ब्रन डाईआक्साइड मूल हैं जो कि मानव क्रियाकलापों में द्वारा उत्सर्जित होती है। अन्य ग्रीन हाउस गैसों में मेथेन , नाइट्रस आक्साइड, फ्लोरीकृत गैसें इत्यादि हैं जैसाकि चित्र में दर्शाया गया हैं। कृषि क्रियाकलापों, कचरा प्रबंधन, ऊर्जा प्रयोग और बायोमास दहन आदि परिणाम स्वरूप सभी प्रक्रियाओं में CO_2 और मेथेन का उत्सर्जन होता है। कृषि उर्वरको के प्रयोग में मुख्यत: नाइट्रस आक्साइड उत्पन्न होती हैं।



ग्लोबल ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन का प्रतिशत (1)

कार्बन पदचिन्ह, किसी व्यक्ति के व्यवहार से ग्लोबल वार्मिंग पर पड़ने वाले प्रभाव को समझने में महत्वपूर्ण भूमि अदा करता है । यदि कोई ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में सहयोग करना चाहता है तो उसे अपने व्यक्तिगत कार्बन पदचिन्ह को ट्रैक करना चाहिये ।

आपको दो कार्य जो कि कार्बन पदचिन्ह के आकलन एव इसको घटाने में सहायता के लिए डिज़ाईन किये गये है,यदपि इससे प्राप्त परिणाम पूर्ण रूप में सटीक नहीं होते, परन्तु आपको इसकी जानकारी प्रदान कर सकते है / आप इन पर कार्य करें।

कार्य 1

आपके 'कार्बन पदचिन्ह ' की गणना

हमारे प्रतिदिन के क्रियाकलाप, विद्युत, डीज़ल एंव पैट्रोल अपने वाहनो के लिये तथा एलपीजी (LPG) रसोई में खाना पकाने पर निर्भर होती हैं । इनके लिये मुख्यत: उर्जा जीवाश्म इंधनों से प्राप्त होती है जो कि GHG संवेदनशील है । आप अपने कार्बन पदचिन्ह की गणना निम्नलिखित प्रोटोकॉल (2) की सहायता से कर सकते हैं।

कैसे आगे बढ़ें ?

पद : 1 विद्युत

- अपने घर के मासिक विद्युत बिल एकत्र करें, आपको इससे प्रयोग में ली गयी पावर यूनिटो की संख्या प्राप्त होगी (1 यूनिट -1 KWH)।
- एक महीने में प्रयोग यूनिटो की संख्या तथा उसको 12 से गुणा करें ।
- इस संख्या को घर के कुल स्दस्यों की संख्या से भाग दें।
- अब KWH/वर्ष की संख्या को 0.85 से गुणा करें । प्राप्त संख्या उर्त्सजन कारक का मान होगा जो कि CO_2की मात्रा Kg में होगी ।

पद 2 : परिवहन पैट्रोल / डीज़ल

- आपके द्वारा एक वर्ष में कार/स्कूटर / मोटर साइकिल में उपयोग में लाई इंधन की मात्रा लिटर में जोड़े । यदि सही संख्या न पता हो तो औसत संख्या प्राप्त करें ।
- इस संख्या को घर के कुल सदस्यों की संख्या से भाग दें ।
- पैट्रोल लिटर / वर्ष को 2.296 तथा डीजल लिटर वर्ष को 2.653 गुणांक से गुणा करें , प्राप्त संख्या CO_2 की मात्रा kg में होगी।

पद 3: रसोई (LPG)

- साधारणतयएक LPG सिलेंडर में लगभग 14 Kg द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस होती है । एक वर्ष में प्रत्युक्त सिलेंडरो की संख्या को 14 से गुणा करो ।
- इस संख्या को घर के कुल सदस्यों की संख्या से भाग दें ।
- प्राप्त मान (Kg/वर्ष) को 2.983 गुणांक से गुणा करें । यह संख्या CO_2 के किलोग्राम भार में उत्सर्जन की मात्रा होगी ।

आपके द्वारा जनित कार्बन पदचिन्ह

- पद 1 , पद 2 और पद 3 से प्राप्त आंकडो को जोड़े यह आपका उर्त्सजन कारक होगा जिसका मान CO_2 की Kg में मात्रा के बराबर होगा ।
- उपरोक्त मान के 1000 से भाग देने पर हमें CO_2 की टन में मात्रा प्राप्त होगी ।
- कार्बन पदचिन्ह का मान CO_2की टन में मात्रा के बराबर (Tco_2) होता है ।

कार्य 2-

आप प्राय: दैनिक जीवन में कार्बन पदचिन्ह को कम करने के लिए कौन सा तरीका प्रयोग करते हैं। निम्नलिखित तालिका में निशान लगायें।

तालिका

क्रं.स.	कार्बन पदचिन्ह कम करने का तरीका	हाँ	नहीं
1)	प्रयोग मे न आने वाले विद्युत उपकरण को स्विच ऑफ करना		
2)	प्रयोग मे न आने वाले लाइटों को स्विच ऑफ करना		
3)	सार्वजानिक यातायात का प्रयोग		
4)	विद्यालय जाने के लिये कार पूल का प्रयोग		
5)	कम दूरी तक जाने के लिए साईकिल का प्रयोग		
6)	छोटी यात्रा पर पैदल चलना।		
7)	पौधों का रोपण करना		
8)	हाथों से कपडो को धोना		
9)	प्लास्टिक का प्रयोग		
10)	जल का न्यायोचित प्रयोग		
11)	सौर उर्जा का प्रयोग		
12)	अधिक शाकाहारी भोजन का सेवन करें / या कम मांसाहारी का सेवन करें		
13)	संभव होतो वस्तुओं का पुन प्रयोग :(रीयूज)		
14)	कोई अन्य (क्रियाकलाप का नाम दें)		

संदर्भ:

1. https://www.ipcc.ch/report/ar5/wg3
2. https://greencleanguide.com/calculate-your-carbon-footprint

गतिविधि के विस्तृत आँकड़े भरने के लिए प्रारूप : प्रत्येक गतिविधि के लिए प्रत्येक प्रतिभागी छात्र द्वारा प्राप्त किए गए डेटा का विवरण भरकर स्कैन करें और केवल शिक्षक द्वारा दिए गए निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार अपलोड करें।

प्रत्येक गतिविधि के विस्तृत आँकड़े भरने के लिए प्रारूप

ध्यान दें : यह प्रारूप केवल अध्यापक के द्वारा ही भरा जाये

क्रम संख्या	विद्यार्थी का नाम (कक्षा_____)	गतिविधि संख्या _____ के आँकड़े

विस्तारित अधिगम

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2021 के दौरान, विद्यालय सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की व्यापक जागरूकता के लिए "**जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना**" के महत्व पर जोर देने वाले विषय में ऑनलाइन / डिजिटल चर्चा,वार्ता, बातचीत और / या विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यान आयोजित/आमंत्रित कर सकते हैं।

सुझाई गई गतिविधियों के अलावा, विद्यालय नजदीकी उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के संकाय सदस्यों की मदद से "**जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना**" से संबंधित कुछ और गतिविधियों को खोज कर शामिल कर सकते हैं। यहां तक कि, विद्यार्थियों के कुछ समूह जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना पर खोजबीन परियोजनाएं शुरू कर सकते हैं।

अध्ययन के परिणाम की रिपोर्टिंग

चयनित विद्यालय के कक्षा VI से XII के सभी छात्रों को अलग अलग क्षेत्रो में **जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना** पर समान रूप से अध्ययन करना है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक अलग अलग क्षेत्रों के लिए प्राप्त किए गए परिणाम, जल का लेखा-जोखा की तीन गतिविधियों के लिए और कार्बन पदचिन्ह पर एक गतिविधि को एकत्र करना चाहिए और विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त मूल्यों को ऐसे गतिविधि हेतु निर्धारित दिशानिर्देशों में दिए गए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह -2021 के दौरान किए गए **जल का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना** के अध्ययन के परिणाम प्रत्येक विद्यालय (आरएएस-2021 के लिए नियुक्त शिक्षक) द्वारा निम्नलिखित लिंक पर गूगल फॉर्म (Google form) में विवरण भर कर रिपोर्ट किया जाना है:

https://forms.gle/kuvSMFHyeytGZEEz9

गूगल फॉर्म पर विवरण भरने के लिए एक जी-मेल (Gmail) की आई डी की आवश्यकता होगी । इसके लिए विद्यालय की एक नई जी-मेल (Gmail) आई डी बनाई जा सकती है अन्यथा विद्यालय या किसी शिक्षक की पहले से बनी हुई जी-मेल (Gmail) आई डी का प्रयोग किया जा सकता है।

विधिवत भरे गूगल (Google) फॉर्म को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह-2021 के पूर्ण होने के पंद्रह (15) दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी विद्यालयों द्वारा जमा किए गए परिणाम डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा एकत्रित करके, विश्लेषण और साझा किए जाएंगे।

गूगल फॉर्म भरने के लिए प्रकिया

गूगल फॉर्म भरना बहुत आसान है। गूगल फॉर्म भरने से पहले विद्यालय का गूगल खाता होना आवश्यक है।

गूगल खाता खोलने के पश्चात आपको ई भी ब्राउजर खोल सकते है और उसमें निम्नलिखित URL लिखें।

https://forms.gle/kuvSMFHyeytGZEEz9

फॉर्म को सफलतापूर्वक जमा करने हेतु पद:

1) जब आप फॉर्म लिंक पर क्लिक करेंगें, आप फॉर्म पृष्ठ पर ले जाये जायँगे, ई मेल एड्रेस स्थान में अपनी Gmail ID भरें जैसा की नीचे लाल तीर के माध्यम से बताया गया है।



2) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात्,आप फॉर्म के पृष्ठ 2 पर जायेंगे, जहाँ आपको अपने विद्यालय का विवरण भरना होगा जैसे विद्यालय का नाम, पता आदि।



3) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात्, आप फॉर्म के पृष्ठ 3 पर जायेंगे। इस पृष्ठ में आपको **गतिविधि 1 (कक्षा VI-VIII)** के आंकड़ें भरने होंगें।



Activity 1 - Water Audit for Household Purposes (Class VI-VIII) | गतिविधि 1 - घरेलू प्रयोजनों के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII)

(Teacher should enter only the average data submitted by students)

CALCULATION OF WATER USAGE (As an Individual) | जल प्रयोग की गणना (व्यक्ति के तौर पर)

Quantity of water used per day in (in liters) - | हर दिन उपयोग की गई जल की मात्रा (लीटर में) -

i) Brushing teeth | दांत साफ करने के लिए *

Your answer

ii) Bathing | नहाने के लिए *

Your answer

iii) Toilet flush | शौचालय फ़्लश के लिए *

Your answer

iv) Drinking | पीने के लिए *

Your answer

Total (i + ii + iii + iv) = A | कुल (i + ii + iii + iv) = क

Your answer

CALCULATION OF WATER USAGE (As a Family) | जल प्रयोग की गणना (परिवार के तौर पर)

Quantity of water used per day in (in liters) - | हर दिन उपयोग की गई जल की मात्रा (लीटर में) -

i) Washing of clothes | कपड़े धोना *

Your answer

Please fill out this field.

ii) Washing of kitchen utensils | रसोई के बर्तन धोना *

Your answer

iii) Washing of fruits/vegetables | फलों/ सब्जियों की धुलाई के लिए *

Your answer

iv) Cooking of food | भोजन पकाने के लिए *

Your answer

v) Cleaning/mopping of floor | फर्श की सफाई/ पोछा लगाने के लिए *

Your answer

vi) Washing/cleaning of vehicle(s) | वाहनों की धुलाई/ सफाई के लिए *

Your answer

Total (i + ii + iii + iv + v + vi) = B | कुल (i + ii + iii + iv + v + vi) = ख *

Your answer

Now, calculate how much water is used by your family every day approximately using the formula given below-

अब, नीचे दिए गए सूत्र का उपयोग करके परिकलन कीजिए कि आपके परिवार द्वारा प्रतिदिन लगभग कितने लीटर जल का उपयोग किया जाता है-

(A X Total no. of family members) + B = (in liters) | (क X परिवार के कुल सदस्यों की संख्या) + ख = (लीटर में) *

Your answer

Back Next Page 3 of 8 Clear form

4) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात्, आप फॉर्म के पृष्ठ 4 पर जायेंगे। इस पृष्ठ में आपको **गतिविधि 2 (कक्षा VI-VIII)** के आंकड़ें भरने होंगें।



Activity 2 - Water Auditing for Gardening (Class VI-VIII) | गतिविधि 2 - बागवानी के लिए जल का लेखा-जोखा (कक्षा VI-VIII)

(Teacher should enter only the average data submitted by students)

1. What kind of plants are there in your garden? | आपके बगीचे में किस तरह के पौधे हैं? *

	Yes	हाँ	No	नहीं
i) Trees | पेड़	○		○	
ii) Shrubs | झाड़ियाँ	○		○	
iii) Herbs | शाक	○		○	

2. Choose the number of plants in each category included for doing the activity. | गतिविधि करने के लिए शामिल प्रत्येक श्रेणी में पौधों की संख्या चुनें।

i) Trees | पेड़ *

Choose

ii) Shrubs | झाड़ियाँ *

Choose

iii) Herbs | शाक *

Choose

3. What all did you use to water these plants? (You can select one or more options) Convert the quantity/ volume of water used by each container into Litres. | इन पौधों को जल देने के लिए आपने क्या उपयोग में लिया ? (आप एक या अधिक विकल्प चुन सकते हैं) प्रत्येक बर्तन द्वारा उपयोग किये गए जल की मात्रा को लीटर में बदलें। *

- [ ] Small bucket | छोटी बाल्टी
- [ ] Bottle | बोतल
- [ ] Mug | मग
- [ ] Bowl | कटोरा

4. Mention the quantity of water (in Litres, as calculated above) consumed per day by- | प्रति दिन जल की मात्रा की खपत (लीटर में, जैसा कि ऊपर हिसाब लगाया गया है) का उल्लेख करें-

(If not watered daily, mention as volume of water consumed/ number of days) | (यदि रोजाना जल नहीं दिया गया है, तो जल की मात्रा/ दिनों की संख्या का उल्लेख करें)

i) Trees | पेड़ *

Your answer

ii) Shrubs | झाड़ियाँ *

Your answer

iii) Herbs | शाक *

Your answer

5. Mention the quantity of water consumed (in Litres) in a week by- | एक सप्ताह में जल की मात्रा की खपत (लीटर में) का उल्लेख करें-

i) Trees | पेड़ *

Your answer

ii) Shrubs | झाड़ियाँ *

Your answer

iii) Herbs | शाक *

Your answer

Answers the following questions in about 50 words. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

6. Do you think that the quantity of water for the three categories of plants will vary with change in seasons? If yes, when will it increase or decrease? | क्या आपको लगता है कि मौसम में परिवर्तन के साथ पौधों की तीन श्रेणियों के लिए जल की मात्रा अलग-अलग होगी? यदि हाँ, तो यह कब बढ़ेगा या घटेगा? *

Your answer

Responses submitted by more than one student can be uploaded here (in JPEG/ Word/PDF/Excel etc.)

Add file

7. Do you think wastage of water occurs while you water your plants? If yes, how? | क्या आपको लगता है कि आपके पौधों को जल देते समय जल की बर्बादी होती है? यदि हाँ, तो कैसे? *

Your answer



5) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात् ,आप फॉर्म के पृष्ठ 5 पर जायेंगे। इस पृष्ठ में आपको **गतिविधि 3 (कक्षा IX-X)** के आंकड़ें भरने होंगें।



4. Amount of water used every day for irrigation per acre for each crop (in litres) | प्रत्येक फसल के प्रति एकड़ सिंचाई के लिए प्रति दिन आवश्यक जल की मात्रा (लीटर में)।

i) Crop A | फसल क *

Your answer

ii) Crop B | फसल ख *

Your answer

iii) Crop C | फसल ग *

Your answer

5. Type of irrigation used for each crop | प्रत्येक फसल के लिए सिंचाई का प्रकार *

	Drip | टपक सिंचाई	Sprinkler | छिड़काव सिंचाई	Manually | हाथों से	Others | अन्य
Crop A | फसल क	☐	☐	☐	☐
Crop B | फसल ख	☐	☐	☐	☐
Crop C | फसल ग	☐	☐	☐	☐

6. Whether there has been challenges in obtaining enough water for irrigation in the last 3 years for each crop? | क्या प्रत्येक फसल के लिए पिछले 3 वर्षों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण रहा है? *

- ◯ Yes | हाँ
- ◯ No | नहीं

7. Whether they are able to afford the technology to judiciously use water for irrigation purpose. For example, installing sprinklers, drip facility, etc.? | क्या वे सिंचाई के लिए जल का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने हेतु तकनीक जैसे छिड़काव सिंचाई, टपक सिंचाई सुविधा इत्यादि स्थापित करने का खर्च उठाने में सक्षम हैं ? *

- ◯ Yes | हाँ
- ◯ No | नहीं

8. Calculate the amount of water required for each crops per year (litre/hectare). | प्रति वर्ष, तीनों में से प्रत्येक फसल के लिए आवश्यक कुल जल की मात्रा की गणना (लीटर/ हेक्टेयर में)।

i) Crop A | फसल क *

Your answer

ii) Crop B | फसल ख *

Your answer

iii) Crop C | फसल ग *

Your answer

9. Suggestions to tackle scarcity of water in their region for irrigation of crops. | फसलों की सिंचाई के लिए आपके क्षेत्र में जल की कमी से निपटने के लिए सुझाव। *

Your answer

Back Next Page 5 of 8 Clear form

6) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात्, आप फॉर्म के पृष्ठ 6 पर जायेंगे। इस पृष्ठ में आपको **गतिविधि 4 (कक्षा XI-XII)** के आंकड़ें भरने होंगें।



Activity 4 - Carbon footprint (Class XI-XII) | गतिविधि 4 - कार्बन पदचिन्ह (कक्षा XI-XII)

(Teacher should enter only the average data submitted by students)

Task 1 | कार्य 1

Step 1: Electricity | पद 1: विद्युत

i) Collect the electricity bills of your home. From these monthly electricity bills, write down the number of power units consumed in your home during last month (One unit= 1 KWh). | अपने घर के मासिक विद्युत बिल एकत्र करें। इन मासिक विद्युत बिलों की मदद से, पिछले मास के दौरान प्रयोग में ली गयी पावर यूनिटों की संख्या लिखें (1 यूनिट -1 KWH)। *

Your answer

ii) Take monthly consumed units and multiply them by 12. | एक महीने में प्रयोग यूनिटों की संख्या लें तथा उसको 12 से गुणा करें। *

Your answer

iii) Divide the value with number of members at your home. | इस संख्या को घर के कुल सदस्यों की संख्या से भाग करें। *

Your answer

iv) Now, multiply the above value (in KWh/Yr) by 0.85. The calculated value (A) will be emission factor i.e. equal to Kg of CO_2 | अब, ऊपर लिखी संख्या को (KWH/वर्ष में) 0.85 से गुणा करें। प्राप्त संख्या (क) उत्सर्जन कारक का मान होगा जो कि CO_2 की मात्रा Kg में होगी। *

Your answer

Step 2: Transport (Petrol/ Diesel) पद 2 : परिवहन (पेट्रोल/ डीज़ल)

i) Add the number of liters of petrol/ diesel used in car/ motorcycle/ scooter by your family in a year. If you do not remember the exact value you can add average values. | आपके द्वारा एक वर्ष में कार/ स्कूटर/ मोटर साइकिल में उपयोग में लाई इंधन की मात्रा लीटर में जोड़ें। यदि सही संख्या न पता हो तो औसत संख्या जोड़ें।

a) Petrol | पेट्रोल *

Your answer

b) Diesel | डीजल *

Your answer

ii) Divide the above value(s) for petrol/ diesel with number of members in your family. | पेट्रोल/ डीजल के लिए ऊपर लिखी संख्या को घर के कुल सदस्यों की संख्या से भाग दें।

a) Petrol | पेट्रोल *

Your answer

b) Diesel | डीजल *

Your answer

iii) In case of petrol (in Liters/Yr), multiply the value with 2.296 and in case of diesel, multiply the value with 2.653. | पेट्रोल लिटर / वर्ष को 2.296 तथा डीजल लिटर वर्ष को 2.653 गुणांक से गुणा करें।

a) Petrol | पेट्रोल *

Your answer

b) Diesel | डीजल *

Your answer

Now, add the above two values (Petrol + Diesel). The calculated value (B) will be emission factor i.e equal to Kg of CO_2 | अब, ऊपर लिखी संख्याओं को जोड़ें (पेट्रोल + डीजल)। प्राप्त संख्या (ख) CO_2 की मात्रा Kg में होगी। *

Your answer

Step 3: Cooking (LPG) | पद 3: रसोई (एल पी जी)

i) Generally one LPG cylinder has around 14 Kg of liquefied petroleum gas. Multiply number of cylinders used at your place in a year by 14. | साधरणतय: एक एल पी जी सिलिंडर में लगभग 14 Kg द्रवीकत पेट्रोलियम गैस होती है । एक वर्ष में प्रत्युक्त सिलेडरों की संख्या को 14 में गुणा करो। *

Your answer

ii) Divide the above value with the number of members in the family. | इस संख्या को घर के कुल सदस्यों की संख्या से भाग दें। *

Your answer

iii) Now, multiply the above value (Kg/Yr) by 2.983. The calculated value (C) will be emission factor i.e. equal to kg of CO_2 | प्राप्त मान (Kg/वर्ष) को 2.983 गुणांक से गुणा करें। यह संख्या (ग) CO_2 के किलोग्राम भार में उत्सर्जन की संख्या होगी। *

Your answer

Carbon footprint generated by you | आपके द्वारा जनित कार्बन पदचिन्ह

i) Add the values obtained (A+B+C) from Step1, Step 2 and Step 3 above. This will be your final value of emission factor i.e. equal to Kg of CO_2 | पद 1 , पद 2 और पद 3 से प्राप्त आंकड़ों (क + ख + ग) को जोडो यह आपका उत्सर्जन कारक होगा, जिसका मान CO_2 की Kg में मात्रा के बराबर होगा। *

Your answer

ii) Divide the above final value with 1000, so that you get total carbon footprint in ton of CO_2 | उपरोक्त मान के 1000 से भाग देने पर हमें CO_2 की टन मे मात्रा प्राप्त होगी। *

Your answer

Final carbon footprint should be in tons of CO_2 (tCO_2) | कार्बन पदचिन्ह का मान CO_2 की टन में मात्रा के बराबर (tCO_2) होता है।

Task 2 | कार्य 2

Select the ways you usually follow to reduce carbon foot print in day to day life. | आप प्राय: दैनिक जीवन में कार्बन पदचिन्ह को कम करने के लिये निम्नलिखित में से जो तरीका प्रयोग करते हैं उन्हें चुनें। *

	Yes | हाँ	No | नहीं
1. Unplug devices when not in use | प्रयोग में न आने वाले विद्युत उपकरणों को बंद करना	◯	◯
2. Turn off lights when not in use | प्रयोग में न आने वाली लाइटों को बंद करना	◯	◯
3. Use public transport | सार्वजानिक यातायात का प्रयोग	◯	◯
4. Car pool to school | विद्यालय जाने के लिये कार में हिस्सेदारी करना	◯	◯
5. Use bicycle for short trip destinations | कम दूरी तक जाने के लिए साइकिल का प्रयोग	◯	◯
6. Walk for short trip destinations | छोटी यात्रा पर पैदल चलना	◯	◯
7. Plant a tree | पौधों का रोपण करना	◯	◯
8. Wash clothes by hands | कपड़ों को हाथों से धोना	◯	◯
9. Use of plastic | प्लास्टिक का प्रयोग	◯	◯
10. Use water judiciously | जल का न्यायोचित प्रयोग	◯	◯
11. Use solar energy | सौर उर्जा का प्रयोग	◯	◯
12. Consume more vegetarian diet/ or consume less non-vegetarian diet | शाकाहारी भोजन का अधिक सेवन/ या मांसाहारी भोजन का कम सेवन	◯	◯
13. Reuse items wherever one can | संभव होता वस्तुओं का पुन : प्रयोग	◯	◯
14. Any other | कोई अन्य	◯	◯

Back Next Page 6 of 8 Clear form

7) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात्, आप फॉर्म के पृष्ठ 7 पर जायेंगे। यहाँ, आपको दिए गए लिंक पर क्लिक करके प्रत्येक गतिविधि के लिए प्रत्येक विद्यार्थी का विस्तृत आंकड़ा भरने हेतु प्रपत्र डाउनलोड करना होगा *(वैकल्पिक रूप से, आप नीचे दिए गए उसी लिंक की सहायता से भी प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं)*। आंकड़ों को भरने के पश्चात, आप को इसको स्कैन तथा दिए गए विकल्प 'Add file' की सहायता से अपलोड करना होगा।

(ध्यान दें: प्रपत्र डाउनलोड करने के पश्चात, इसको भरने, स्कैन करने तथा अपलोड करने के लिए आप अपना समय ले सकतें हैं।)

https://drive.google.com/file/d/1pqGfJLJb-LdpEwDntRGXkNpQqUThoQn6/view?usp=sharing



8) Next बटन पर क्लिक करने के पश्चात्, आप फॉर्म के अंतिम पृष्ठ पर ले जाये जायेंगे। यहाँ, आपको अपना अनुभव साझा करना होगा तथा तस्वीरें अपलोड करनी होंगीं (ज्यादा से ज्यादा 10)। इसके पश्चात्, आपको Submit बटन पर क्लिक करके फॉर्म को अंतिम बार जमा करना होगा।

(ध्यान दें: अंतिम बार फॉर्म को जमा करने से पहले आप Back बटन पर क्लिक करके अपने उत्तरों को फिर से जांच सकतें है। फॉर्म को अंतिम बार जमा करने के पश्चात कोई भी बदलाव नहीं हो सकता।)



फॉर्म के सफलतापूर्वक जमा होने के पश्चात्, आपको एक संदेश मिलेगा जैसा नीचे दिया गया है:



9) इसके पश्चात्, आप अपने वेब ब्राउज़र की विंडो / टैब को बंद कर सकते हैं।

किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कृपया *rasncert2021@gmail.com* पर ईमेल करें



डॉ. ए. पी. जे. अब्दुलकलाम

अवुल पकिर जैनुलाबदीन अब्दुल कलाम, जो भारत के महान राष्ट्रपति पद की ऊचाँइयो तक पहुचे, का जन्म तमिलनाडु में रामेश्वरम के छोटे से गॉव में 15 अक्टूबर, 1931 को हुआ था। डॉ. कलाम जुलाई 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में चुने गयें। स्व. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जो भारत के एक आदर्श राष्ट्रपतियों में से एक थे, वह ना केवल भारत के 'मिसाइल मैन' थे अपितु 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में भी जाने जाते थे। मध्यम वर्गीय परिवार से होने के कारण बचपन में परिवार की सहायता के लिए समाचार पत्र का वितरण करते थे और अत्यधिक कठिन अवस्थाओं में भी उन्होने अपनी पढ़ाई जारी रखी तथा भारत के प्रमुख अंतरिक्ष और मिसाइल वैज्ञानिक बने।इस देश की यह महानता है कि एक समाचार वितरित करने वाला बालक भी भारत का राष्ट्रपति बन सकता है।

राष्ट्रपति रहते हुए उन्होनें समभाव से युवाओं और बुजुर्गों को सम्बोधित करते हुए भारत के विषय में अपने सपनों को साझा किया। डॉ. कलाम समाज को टेक्नोलॉजी के माध्यम से बदलने के लिए अति उत्साहित थे, विशेषकर भारत के युवको को विज्ञान और तकनीकी का इस्तेमाल करके मानव कल्याण के लिए प्रोत्साहित करना चाहते थे। डा. कलाम अपनी उपलब्धियो के बावजूद हमेशा एक शिक्षक के रूप में याद किया जाना चाहते थे। ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 27 जुलाई 2015 की संध्या को आई.आई.एम. शिलांग में एक सभा को एक अध्यापक के समान सम्बोधित कर रहे थे तभी उनका देहांत हो गया।

स्त्रोत: *http://pibmumbai.gov.in/English/PDF/E2015_FR44.PDF*

दिशानिर्देश विकास समिति (एनसीईआरटी)

सदस्य

सुनीता फरक्या, *आचार्य एवं विभागाध्यक्ष*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

ए. के. वझलवार, *आचार्य*, डी.ई.के, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

आर. के. पाराशर, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

अंजनी कौल, *आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

रचना गर्ग, *आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

गगन गुप्ता, *सह-आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

रूचि वर्मा, *आचार्य*, रसायन,डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सी. वी. शिमरे, *सह-आचार्य*, जन्तुशास्त्र, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

टी. पी. शर्मा, *आचार्य*, गणित, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

पुष्पलता वर्मा, *सह-आचार्य*, जन्तुशास्त्र, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

प्रमिला तंवर, *सह-आचार्य*, रसायन, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

ए. के. श्रीवास्तव, *सहायक आचार्य*, भौतिकी, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सदस्य समन्वयक

दिनेश कुमार, *आचार्य*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

सहायक कर्मचारी-वर्ग (एनसीईआरटी)

रितिका गुप्ता, *जूनियर प्रोजेक्ट फैलो*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी

शिल्पी सिंह, *जीव विज्ञान प्रयोगशाला सहायक*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी

पूजा शर्मा, *ग्राफिक डिजाइनर*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

अरूण वर्मा, *डी.टी.पी*, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

मोहम्मद खालिद, ऑनलाइन पाठ्यक्रम व्यवस्थापक, डी.ई.एस.एम, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली

Guidelines for Rashtriya Avishkar Saptah 2021

INTRODUCTION

Science, Technology and Innovation have emerged as the major drivers of national development globally. To make learning of Science and Mathematics a joyful and meaningful activity; to nurture a spirit of inquiry and creativity; to bring focus on innovation and use of technology, Ministry of Education (MoE), Government of India have set up Rashtriya Avishkar Abhiyan (RAA).

National Education Policy (NEP) 2020 emphases on 'Experiential learning' that is 'learning by doing' to build conceptual understanding and skills through guided practice, reflection, observation, evaluation to accelerate learning, to improve retention resulting in amalgamation of all domains of learning – cognitive, psychomotor and affective in the learning process through an integrated and inter-multi-disciplinary approach of learning to ensure more meaningful, holistic and cohesive learning experience for the students.

For this, at Upper Primary, Secondary and Higher Secondary Stages of school education, systematic experimentation as a tool and working on locally significant projects involving science and technology are important parts of curriculum.

In order to encourage school students for exploration and innovation, it is extremely important to engage them in experimentation.

